इच्छा के अनुसार फल प्राप्त करने में सफल होता है तो उसे खुशी होती है। परन्तु साथ ही साथ उसके 'अहम्' को ताकत मिलने लगती है, जो आत्मोन्नत्ति के मार्ग में प्रबल बाधक है। इसके विपरीत जब वह अपनी इच्छा के अनुसार असफल होता है तो उसे निराशा और दुख होता है। मनुष्य चाहे जितनी प्रबल इच्छा करे, होता वही है जो होना है और जो नहीं होना होता वह नहीं होता। हमारा 'वर्तमान' हमारे 'अतीत' से जकड़ा हुआ है अर्थात् जन्म-जन्मान्तरों से हम जो अहम्-जनित कर्म करते आए हैं उनका असर हमारे मन पर पड़ता रहा है जो 'संस्कार' बन कर हमारी आत्मा को आच्छादित किये हुए है। इन 'संस्कारों' का भोग करने या दूर करने हेतु आत्मा को शरीर धारणा करना पड़ता है अर्थात् हम यह कह सकते हैं कि 'संस्कारों की सफाई' का नाम ही 'जीवन' है। सारे संस्कारों को एक जीवन में भोगना सम्भव नहीं है, इसलिये जितने भी जीवन पर्याप्त हो आत्मा को उतनी ही बार शरीर धारणा करना पड़ता है। जब संस्कारों का भन्डार असीमित हो जाता है तो उन संस्कारों की मात्रा कम करने हेतु आत्मा को भोग-प्रधान पशु-योनियों में जन्म लेना पड़ता है, और विभिन्न प्रकार की पशु-योनियों में भटकते रहने के पश्चात् सौभाग्यवश आत्मा को फिर से मनुष्य-योनि मिलती है, ताकि मनुष्य अपने मानव-मन का योग 'ईश्वर' अथवा 'सृष्टि के मूल उद्गम केन्द्र' से स्थापित करके अपनी आत्मा को आवागमन के चक्कर से छुटकारा दिला सके। लेकिन आम तौर पर होता यह है कि मनुष्य अपना मन असन्तुलित अवस्था में रख कर अपनी आत्मा के चारों ओर मल, विक्षेप, आवरण के जाल बुनना शुरू कर देता है जिसके फलस्वरूप उसके संस्कारों के भन्डार में वृद्धि होने लगती है और यह कहावत चरितार्थ हो उठती है कि "आये थे हरि भजन को ओटन लगे कपास।"

दर असल, मनुष्य के जीवन में जो भी अच्छी या बुरी घठना घटती है या उसे जो भी सुख या दुख होता है, वह सब उसके अपने संस्कारों के भोग का परिणाम है। जब हम किसी विषय को नहीं चाहते अथवा जब हम अपने मन चाहे मुताबिक किसी बिषय को करना चाहते हैं, तो होता यह है कि हमारे संस्कारों के भोग में रूकावट



पैदा हो जाती है और दूसरी तरफ अपनी इच्छा-शक्ति का समावेश होने के कारण वह मनचाहा विषय नये कर्म का रूप ले लेता है, जिससे नये संस्कार बनते हैं जो फिर नया 'अतीत' बन कर आत्मा को जन्म-मृत्यु के चक्कर में बाँध लेता है। इस तरह हमारी इच्छाओं के कारण जो 'कर्म' हमारे 'अतीत' के संस्कारों को नष्ट कर सकता था, वह 'कर्म' हमारी इच्छा का संयोग पाकर नये संस्कार पैदा करना शुरू कर देता है और हमारी आत्मा पार्थिव शरीर के अन्दर फंसी रह जाती है। अतः हमारी इच्छाएँ हमारी आत्मोन्नति में बाधक सिद्ध होती हैं।

इसका सिर्फ एक ही उपाय है और वह यह है कि हम अपने सभी कर्मों को ईश्वर की आज्ञा मान कर कर्तव्य रूप में करें, और उन कर्मों से अपने 'अहम्' का सम्बन्ध बिच्छेद कर दें। 'अहम्' का सम्बन्ध तभी बिच्छेद हो सकता है जब हम अपने कर्मों को किसी 'बड़ी शक्ति' के साथ जोड़ दें ताकि कर्म भी सुचारू रूप से होता रहे और उस कर्म से नये संस्कार भी न बनें। पूज्य श्री बाबूजी 'ईश्वर' में पूर्ण स्थिति प्राप्त कर चुके हैं और सहज मार्ग के साधक को उनकी प्राणाहुति की शक्ति भी मिलती रहती है। इसलिए सहज मार्ग के अभ्यासी के लिए उन से बढ़ कर 'बड़ी शक्ति' और क्या हो सकती है? अतएव, अगर हम किसी भी कर्म के करने में यह भाव पैदा कर लें कि वह कर्म हम नहीं बल्कि हमारी जगह पूज्य श्री बाबूजी ही उस कर्म को कर रहे हैं तो हम उस कर्म के अकर्ता हो जायेंगे, अर्थात् हम अपने को अपने कर्म का कर्ता ही समझना बन्द कर देगें। ऐसे कर्मों का हमारे मन पर कुछ भी असर नहीं पड़ेगा और हमारे विचार तथा कर्म 'संस्कार' बनाना ही बन्द कर देगें और इस तरह नये 'अतीत' के निर्माण से छुटकारा मिल जायेगा और अन्त में 'जीवन-मुक्ति' की स्थिति आ जावेगी।

वैसे भी देखा जाय तो 'सुख की इच्छा करना' अथवा 'दुख की इच्छा न करना' वगैरह जितनी भी विरोधाभासी स्थितियाँ हैं सब की सब द्वन्दात्मक हैं। एक के बिना दूसरे का अस्तित्व है ही

नही। यदि एक है तो दूसरी भी जरूर होनी चाहिये, कारण एक की पहचान के लिए दूसरी का होना जरूरी है, जैसे रात की पहचान के लिए दिन का होना नितान्त जरूरी है। अगर रात का अस्तित्व नष्ट कर दिया जाये तो रात के साथ साथ दिन भी अपने आप नष्ट हो जायेगा, कारण रात के बिना दिन का अपना अलग अस्तित्व ही कहाँ रह जायेगा! अतएव जो चीज इतनी जरूरी है वह बुरी कैसे हो सकती है। एक को अच्छा मानना और दूसरी को बुरा मानना तो सिर्फ अपने मन का भ्रम है। इसीलिए सहज मार्ग योग के साधक की मन की स्थिति द्वन्दातीत हो जाती है और वह किसी भी विपरीत स्थिति को नहीं जानता जैसे अच्छा और बुरा, सुख और दुख, पाप और पुण्य आदि। न तो वह यह जानता है कि क्या अच्छा है और न यह ही जानता है कि क्या बुरा है, जब जैसी जरूरत पड़ती है वैसा काम करके फिर वापस अपनी पहली वाली स्थिति में आ जाता है। ऐसे साधक की मनः स्थिति के बारे में पूज्य श्री बाबूजी ने लिखा है कि:–

"यदि आने जाने, चलने फिरने, देखने भालने का विचार हृदय में न रहे एवं करता सब रहे जो करने योग्य है, तो फिर हम उस दशा पर पहुँच जाते हैं जहाँ पर तैराव ही तैराव शेष रह जाता है, बन्धन सब टूट जाते हैं।"

ऐसी मनः स्थिति होने के पश्चात् निष्काम कर्म योग की सिद्धि होकर संस्कार शून्यता में आत्मा की दृढ़ स्थिति होती जाती है, और अन्ततः आत्मा का 'परमात्मा' में विलय हो जाता है। आज इस वर्तमान युग में परम पूज्य श्री बाबूजी की 'दिव्य शक्ति' को छोड़ कर दूसरी कोई 'शक्ति' ऐसी-नहीं है जो मनुष्य-जीवन के ध्येय को इतनी सरलता से मनुष्य जीवन के एक ही भाग में प्राप्त करा सके।

पूज्य श्री बाबूजी सदैव स्वस्थ रहें उनकी दीर्घायु हो।



# अभ्यासी का अनुभव

(श्री मती द्रौपदी अग्रवाल, अहमदाबाद)

चौदह वर्ष की अवस्था में मेरा विवाह हुआ। बचपन तो खेल कूद में व्यतीत हुआ, किन्तु जैसे ही होश सँभाला स्वयं को अत्यन्त गंभीर स्वभाव का पाया। परन्तु हृदय का भावुकता बचपन से ही थी। प्रारम्भ से ही ईश्वर की लगन से मन, अशान्त बना रहता। समस्त भौतिक सुख-सुविधाएँ सम्पन्न परिवार तथा काफी बड़ा कुटुम्ब था। कहीं कोई अभाव नहीं था, फिर भी मानसिक अशान्ति बनी रहती। विवाह हुए तीन वर्ष हुये थे। तभी पूज्य बाबूजी महाराज के पुनीत चरणों में जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

पूजा शुरू करने के बाद एक दिन रात में मेरे श्रद्धेय भाई ने [ जो प्रिसेप्टर हैं ] बताया कि पू० बाबूजी कहा करते हैं 'मनुष्य जीवन में ईश्वर को पाना बहुत जरूरी है अन्यथा उसका जीवन मनुष्य जीवन नहीं, पशु के समान जीवन है" उनके इन प्रेम भरे शब्दों ने मेरे हृदय में घर कर लिया और ऐसा प्रतीत होने लगा कि शरीर में नवप्राण आ गए हैं। घर में भी सभी कहने लगे कि कठिन परिस्थितियों में भी गंभीर सौम्य और शान्त दिखाई देती हो। मैंने घर में किसी को बताया नहीं था क्योंकि हर रविवार पूजा में जाया करती थीं और मुझे भय था कि कहीं कोई मुझे पूजा में जाने से रोक न लें। न जाने ऐसा क्या था कि मैं वहाँ जाये बिना रह नहीं सकती थी। कई दिन पहले से ही रविवार की प्रतीक्षा करने लगती और ऐसा लगता जैसे सम्पूर्ण शरीर में नवस्फूर्ति और उत्फुल्लता का संचालन होने लगा हो।

जिस दिन से सहज मार्ग में आयी उसी दिन से या यह कहूँ उसी क्षण से यह अनुभव होने लगा कि इस भौतिक संसार में अपना

भी जरूर कोई है । तभी से हृदय में मालिक की हो जाने की जगह बनने लगी । हर वक्त ईश्वरीय प्रेम और उनकी कृपा महसूस करने लगी । अन्तर्मन में अटूट शान्ति का एहसास होता । सबके प्रति प्रेम भाव उमड़ने लगा । हृदय की उदारता दिन प्रति दिन बढ़ने लगी और ऐसा लगने लगा मानो सब कुछ पा चुकी हूँ । अब मेरे सम्मुख एक ओर यह भौतिक संसार और दूसरी ओर मेरे परम पू० बाबूजी महाराज की असीम कृपा हो तो संसार तुछ और नगण्य प्रतीत होगा । जबसे अपने मालिक के पावन चरणों में आयी तब से स्वयं में परिवर्तन पाने लगी । दृढ़ता ,आत्मविश्वास, लगन और प्रेम निरन्तर बढ़ने लगा । हाँ ! इतना अवश्य था कि मेरे पूज्य भाई का सहारा मुझे बराबर मिलता रहा । मैं अपने पूज्य बाबूजी से बहुत कम मिल पाती थी, लेकिन मेरे श्रद्धेय भाई हर घड़ी, हर पल हमारे मालिक की ओर ले जाने में बराबर सहयोग देते रहे । इसे मेरा अन्तर्मन ही जानता है और कोई नहीं । चूंकि हृदय ही है जो बिन आँख देख सकता है, बिन कान सुन सकता हैं । पूज्य भाई ने मालिक की ओर ले जाने में सहयोग दिया है उसे आजन्म नहीं भूल सकती ।

अब ऐसी अवस्था आ रही है कि स्वयं को ही भूलती जा रही हूँ, किन्तु जब कभी भी उनके सहयोग की स्मृति आ जाती है तो हृदय श्रद्धा से भर उठता है और अविरल अश्रु प्रवाहित होने लगते हैं । पू० बाबूजी और भाई से मेरा पत्र-- व्यवहार था । पू० भाई के पत्र नियमित रूप से आते । वे पत्र मालिक के प्रेम से सराबोर रहते । पत्र तो नाममात्र के लिए होते, उससे अधिक अभ्यासी का कर्तव्य, मालिक के प्रति हमें कैसा बन जाना चाहिए, उनकी याद में किस तरह स्वयं को खो दें, यही सब होता । लेकिन यह तब ही संभव है जबकि हम ईश्वर को पाने और असली वतन को लौटने के लिए व्याकुल हो उठें । वे तो हमें साथ ले जाने के लिए आए ही हैं । चाँद, सूरज, धरती और आकाश सब पू० बाबूजी की मानो अभ्यर्थना कर रहे हों, माटी के कण-कण में प्राण आ गये हों, जहाँ-जहाँ उनके पावन चरण पड़े हैं वह धरती अपने भाग्य पर मुस्कुरा उठी हो । उनके इस पृथ्वी पर आने से ही



सम्पूर्ण प्रकृति मानो-गुनगुना उठी हो-आज आए हैं हमारे बाबूजी महाराज-इतना ही नहीं हमारा रोम-रोम भी उनकी कृपा से अभिभूत हो उठा है, उनके प्रेम की महक चारों ओर व्याप्त है । उनकी मधुर वाणी की अनुगूँज चहुँदिशि में फैल रही है । मेरी यही कामना है कि हे मालिक, समस्त मानवों को ऐसा पात्र बना दे ताकि वे तुम्हें पा सकें !

अब तक सांसारिक परदे की ओट में अपने मालिक को देख नही सकी थी किन्तु जैसे ही वह परदा हटा वैसे ही सारे संसार के प्राणी अपने लगने लगे । हम सब भाई-बहन उसी एक मालिक की सन्तान प्रतीत होने लगे । सब बहुत अपने हैं, कहीं कोई दुराव-छिपाव नहीं । हम सब उस एक मालिक की गोद में अपनी अपनी खोई हुई हालत में सुरक्षित बैठे हैं । वह हमारी अँगुली पकड़ कर संसारिक काँटों से बचाता हुआ आध्यात्मिक पथ पर लक्ष्य की ओर ले चल रहा है । अब हम सभी को आगे बढ़ते रहना है, पल भर के लिए भी रुकना नहीं है । अब जब माँ की ममतामयी गोद मिल गयी तो निश्चिन्त होकर आगे ही आगे बढ़ते जाना है । बस उस मालिक की इच्छा ही हमारी इच्छा है । हमारी समस्त इच्छाएँ उनमें अन्तर्भूत हो चुकी हैं । हम अपनी प्रत्येक श्वास जिन्दगी के हर पल को उनकी इच्छा पर छोड़ दें और अपना कर्तव्य करते चलें । हमें यह दृढ़ निश्चय कर लेना है कि जबतक हम अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं कर लेते तब तक चैन नहीं लेंगे । हम अपने को अपने मालिक में इतना डुबा दे कि उनकी छबि के सिवाय हमारे सामने और कोई छबि ही नहीं आए और हम स्वयं को भी भूल जाएँ तब समझें कि हमारी यात्रा का प्रारंभ हुआ है। यह तो प्रथम चरण का प्रारंभ ही है, अभी तो न जाने और कितने सोपान पार करने होंगे तब जाकर असली वतन को पायेंगे । किन्तु जब एक बार प्लेन में बैठ गए तो यात्रा पूर्ण होगी ही क्यों कि हमारा चालक ब्रह्मस्वरूप जो है । यही मेरा अनुभव रहा है, जिसे मैं अपने सीमित शब्दों में लिख सकी हूँ, यद्यपि जो कुछ भी हृदय महसूस करता है, मालिक के प्रति जितना कुछ भी सद्भावनाएँ हृदय में उमड़ती हैं वह सब तो शब्दातीत है ।

AT THE FEET OF THE MASTER

M/s. BABROS

[New] 13, Mooker Nallamuthu Street,

P.B. No. 1868,

Madras—600 001

# "पूजा"

[ श्री खेम सिंह चौहान, उज्जैन ]

पूजा अपने आप में पवित्रता का प्रतीक है, पूजा के कई ढंग व अंग हैं, संक्षिप्ततः ब्रह्मज्ञान का अर्जित होना ही पूजा का प्रतिफल है अर्थात् पूजा की उपलब्धि ब्रह्म ज्ञान है । पर अधिकाँश लोग ईश्वर के नाम पर भौतिक लाभ को पूजा मान बैठे हैं, प्रमुख रूप से इसके दो अंग हैं: [१] वास्तविक व प्राकृतिक पूजा [२] भौतिक व कृत्रिम पूजा । वास्तविक पूजा का सम्बन्ध अहिंसा से है तथा भौतिक पूजा का सम्बन्ध मात्र स्वार्थ पूर्ति के लिये होता है। इसका सम्बन्ध कभी कभी हिंसा से होता है । यह निश्चित है कि ईश्वर के नाम पर लक्ष्य प्राप्ति का माध्यम ही पूजा है । परन्तु लक्ष्य कुछ भी हो यह सम्भव नहीं है, इसी कारण पूजा न समझ पाने से इसका विकृत रूप सामने आता है, क्यों कि लक्ष्य मात्र भौतिक है जो स्वार्थ पूर्ति हेतु है, वह भी आर्थिक सीमा तक ही सीमित है, लक्ष्य चुनाव पर पूजा निर्भर करती है । अतः वास्तविक पूजा हेतु लक्ष्य एक मात्र परम व अंतिम होना चाहिये ऐसा लक्ष्य तो ईश्वर-प्राप्ति ही हो सकता है. इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जो भी साधन हैं वह वास्तविक पूजा है । इसके अलावा जो भी पूजा है वह भौतिक व स्वार्थपर के तथा उदर पूर्ति की पूजा है । भौतिक पूजा में लक्ष्य एक न होकर अनेक होते हैं, क्योंकि इच्छाओं का अन्त नहीं है ।

आज के युग में पूजा का वास्तविक रूप बदल चुका है इसका सीधा सम्बन्ध आर्थिक लाभ से है । पुजारी ब्राह्मण हो पंडा हो या कोई और ये दक्षिणा एवं चढ़ावा लेकर ही पूजा कराते हैं अर्थात् पूजा वे करते हैं, तथा इस पूजा का लाभ, कहा जाता है; पैसे देने वाले को मिलता है। आश्चर्य कि पूजा में भी छल कपट व व्यापार

है, अभिषेक व कथा वाचन करवाना भी इसी श्रेणी में आते हैं। इस प्रकार की कृत्रिम पूजा का लक्ष्य सुख सम्पदा की प्राप्ति व पाप निवारण होता है। मैंने भी कुछ ही बार इस प्रकार की पूजा करवायी थी संकल्प मेरा था परन्तु पूजा के नाम पर मैंने कुछ भी नहीं किया। जो कुछ आचार्य (पुजारी) ने पढ़ा व किया उसे मैं भी कर सकता था, परन्तु वह पुस्तक मेरे पास नहीं थी पुस्तक मिलने का पता भी मालूम न था। उस समय वास्तविक पूजा समझ के बाहर थी। कृतिम पूजा के समानान्तर रुप फूल, पत्ती, अक्षत [ चावल] कुंकुम, चंदन, कपूर अगरबत्ती, प्रज्वलित दीपक, हवन, अभिषेक और कथा-वाचन् मनौतियाँ आदि हैं। इनका उपयोग भौतिक लाभ के लिए किया जाता है। पूजा के नाम पर कुछ लोग ऐसे भी हैं जो हमेशा पूजा में लीन रहते हैं परन्तु उनका लक्ष्य क्या है, कह नहीं सकते, वे ही जानें! भौतिक संसार में रहते हुऐ भी कुछ काम नहीं कर सकते हैं, कुछ साधु भी इस श्रेणी में आते हैं। कहीं पर पूजा के नाम पर प्रत्यक्ष हिंसा की जाती है, देवी व देवता को प्रसन्न करने के लिये नारियल तोड़ जाते हैं पशु बलि दी जाती है तथा कुछ अपवाद स्वरुप नरबलि से भी नहीं चूकते। अब तो पूजा के नाम पर कुछ भी हो सकता है। पर यह सब वास्तविक पूजा नही है, अपितु विकृत व कृत्रिम पूजा है इस पूजा से मानवीय दृष्टिकोण नहीं बन सकता है, भले ही आचार व व्यवहार में अल्प सुधार हो जाय।

आज कल लोगों का विशेषकर आधुनिक नौजवानों का पूजा से विश्वास उठता जा रहा है कारण कि वे वास्तविक पूजा से अनभिज्ञ रहते हैं तथा कृत्रिम पूजा के दुष्परिणाम् सामने प्रत्यक्ष दिखाई देते हैं। असली माल का ही मूल्य होता है तथा नकली माल कोई पसन्द नहीं करता है। वे जो असली माल से अनभिज्ञ हैं, नकली को असली मानकर ग्रहण करते हैं, क्यों कि मालदाता जनता को दिशा भ्रमित कर अपना लाभ दिखाता है। अतः वास्तविक पूजा के नाम पर यही कृत्रिम भौतिक पूजा मिलती है। यदि इस पर भी उत्तम लक्ष्य हो तथा अल्प प्रयास भी हो तो ऐसे जिज्ञासु को वास्तविक पूजा भी प्राप्त होती है। वास्तविक पूजा का तात्पर्य



मालिक से हरक्षण सम्पर्क बना रहता है इस प्रकार की पूजा से तन मन हल्का हो जाता है इसके लिये योग्यतम मार्गदर्शक अति आवश्यक है, जिनकी कृपा दृष्टि से अनेक बुराइयाँ दूर होकर अभ्यासी अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है। वेदों में भी इसी प्रकार की वास्तविक पूजा (ध्यान) को ही सर्वोत्तम पूजा माना गया है।

कई उपासक कई ढंग से कई प्रकार से भेंट चढ़ाते हैं इससे वास्तविक पूजा का लक्ष्य नहीं मिल सकता है, लक्ष्य प्राप्ति के लिये मन को भेंट करते हुये पूर्ण समर्पण करना ही सब से उत्तम भेंट है जिसे हम मार्गदर्शन के अभाव में नहीं कर पाते हैं। परिणामस्वरूप आजीवन भटकते रहते हैं। सृष्टि आदि के मानव की तुलना में आज दूरी इतनी अधिक हो चुकी है कि ईश्वर के निकट पहुंचना बिना सहारे के सम्भव नहीं है, अतः मार्गदर्शक के सहारे यदि यह दूरी समाप्त हो जाये तो निश्चित ही यह पूजा सार्थक है तथा लक्ष्य प्राप्ति में सहायक है, आज के अशुद्ध वातावरण में बिना मार्गदर्शक के ईश्वर प्राप्ति संभव नहीं है। वास्तविक पूजा (ईश्वर प्राप्ति) की चाह हर किसी को नहीं होती है, जिन्हें चाह होती है वे कैसे पूजा प्रारम्भ करें? इसके लिये सर्व प्रथम सर्वोत्तम लक्ष्य का चुनाव तथा इसी के अनुकूल अनुभवी मार्गदर्शक का चुनाव आवश्यक है, यदि लक्ष्य के लिये बेचैनी व प्रयास हो तो ऐसे उत्तम मार्गदर्शक भी मिल जाते हैं। इनके मिलने पर अब पूजा करने वाले पर निर्भर करता है कि वे वास्तविक पूजा समझ भी पाये हैं या नहीं, पूजा की विधि व विधान से अवगत होना ही चाहिये, मार्गदर्शक (गुरूदेव) की प्राणा-हुति-ऊर्जा के सहारे पूजा करने वाला आगे बढ़ता जाता है। इनकी कृपा से ही इनके स्मरण द्वारा हर क्षण सम्पर्क बढ़ता जाता है, तथा अभ्यासी जहाँ भी देखता है व सोचता है गुरूदेव ही स्मरण व विचारों में आते हैं। इस बीच अभ्यासी अपने भौतिक कार्यों को भी सजगता से सक्रिय रूप में करता रहता है। परन्तु उसका सम्पूर्ण ध्यान मालिक में ही लगा रहता है तभी पूजा सार्थक होती है व लक्ष्य की प्राप्ति होती है। अतः ऐसे ही अनुभवी अभ्यासियों ने स्वीकार भी किया है कि संत कबीर का निम्न कथन वास्तविक पूजा का अनूठा उदाहरण है,

"दर दिवार दर्पण भये जित देखूं तित तोय, "
कांकर पाथर ठीकरी भये आरसी मोय ।।

उपर्युक्त उदाहरण तो वास्तविक पूजा की ऊँची स्थिति है। प्रारंभिक स्थिति में भी गुरू-कृपा से अनुभव द्वारा पूजा का प्रत्युत्तर भी समझ में आता है। कोई भी पूजा हो, कुछ पढ़े लिखे लोग भी इसे ढोंग मानने लगे हैं। इसमें उनका कोई भी दोष नहीं है, क्योंकि विकृत पूजा के प्रतिकूल परिणाम को वे मात्र पूजा का आधार स्तम्भ मानते हैं तथा भौतिक ज्ञान तक ही आस्था बनी रहती है और वे अहँ से परिपूर्ण रहते हैं। एक ओर विकृत पूजा के परिणाम हैं, तो दूसरी ओर इतिहास भी महापुरूषों की झलक प्रस्तुत करता है, जो वास्तविक पूजा के कारण आज भी आदर व सम्मान के पात्र हैं। आज भी भारत में कई बहुर्चचित लोग हैं जो विकृत पूजा के शिकार हैं। इनको प्रामाणिक मानकर जनता का बुद्धिजीवी वर्ग पूजा में आस्था व विश्वास नहीं रखता। दूसरी ओर ऐसे भी लोग हैं जो इस क्षेत्र में पूज्य है तथा इनको आम जनता नहीं जानती। इन पूज्य लोगों के कारण ही पूजा सार्थक होती है।

वास्तविक पूजा के पथ प्रदर्शक वर्तमान युग में परम पूज्य बाबूजी हैं जिन्हें जनता-धीरे धीरे जानेगी। उन लोगों की पूजा निश्चित रूप से सफल है जो इनके मार्गदर्शन में लक्ष्य प्राप्ति हेतु सक्रिय अभ्यास कर रहे हैं। निश्चित ही आज के दूषित वातावरण में यदि पवित्रता की झलक मिलती है तो वह परम पूज्य गुरूदेव की पूजा प्रणाली के परिणाम में। इस पूजा की विशेषता है प्राणाहुति ऊर्जा द्वारा परिवर्तन, जो अन्यत्र सुलभ नहीं है। इसी प्राणाहुति ऊर्जा द्वारा पूजा करने वाले प्राणी में अनुकूल परिवर्तन होते हैं। जिसने भी इस वास्तविक एवं उत्तम पूजा को प्रारम्भ कर दिया उसकी पूजा निश्चित ही सफल व सार्थक है। इस पूजा का पूर्ण श्रेय परम पज्य बाबूजी को है, जिनकी कृपा व सहायता से इस पूजा का लक्ष्य पुजारी (अभ्यासी) को अल्पकाल में प्राप्त होता है।



# अहं की पूजा

(सुश्री कस्तूरी चतुर्वेदी, लखनऊ)

परम पूज्य "श्री बाबूजी" का कथन है कि "Do not create God. Worship Him as he is." सहज मार्ग साधना में इसी पर बल दिया जाता है। लोग जब पूजा प्रारम्भ करते हैं तो पुरानी आदत के अनुसार उनसे पूछते हैं कि ध्यान में मन को टिकाने के लिए कोई चीज बताइये मन किस पर टिकाएं आदि ? यह भूल जाते हैं कि जिसका साक्षात्कार करना है, उसके ध्यान में डूबे रहना ही "उसकी" वास्तविक पूजा है। श्रेष्ठ पूजा वही है जो हममें उच्च स्तर का निखार लाती हुई वैसा ही बना देने में समर्थ है, फिर भी यह प्रश्न क्यों उठता है ? उत्तर यही है कि जो हमारे मन को भाये, जिस पर हमारा मन टिक सके वही पूजा हम करना चाहते हैं। दूसरे शब्दों में यह बात स्पष्ट हो जाती है कि पूजा भी हम अपने मन की अर्थात अहं की करना चाहते हैं। यही कारण है कि जीवन व्यतीत हो जाता है पूजा करते हुए, परन्तु पूजा का फल अर्थात समर्पण रूपी साँची अर्चना प्रारम्भ नहीं हो पाती है। भांति भांति के साधन अपनाए हुए, संस्थाओं में योग पाये हुए भी हम सच्चे योग से वंचित ही रह जाते हैं। योग तो अहं का ईश्वर (Divine) से करना है, जो उसका अंश है। समर्पण तो अहं का होना चाहिये। परन्तु पूजा का ढंग सही रूप से हृदयंगम न कर पाने से होने उल्टा लगता है। अहं से ही हम इतना घनिष्ठ योग पाते जाते हैं कि वह ठोस पड़ने लगता है। एक दिन ईश्वर का अंश अहं का अंस बन जाता है हम दो रूपों में जीने लगते हैं। इच्छा करने वाला भी अहं और इच्छाओं को भरने वाला भी अहं होता है। इस प्रकार हम धोखे से बजाय worship Him के अहं की पूजा करने लगते हैं। अपनी इच्छा के अनुसार ही आज सृंगार करते हैं, अपनी इच्छानुसार

ही उसे पूजते हैं। फल स्वरूप बजाय इसके कि हमारी पूजा से 'वह' रीझे, हम स्वयं ही अपने साधनों पर रीझे रहते हैं। बजाय साध्य के साधनों में उलझ कर रह जाते हैं। जब बीज ही सड़ा हुआ बोया गया तो पौधा कैसे उपजता। यही कारण है कि पूजा के द्वारा जिनसे हमारा उद्धार होना चाहिये था, वे सारी बुराइयाँ हममें पनपती रहती हैं। हमारा यही दुर्गुण दूसरों में ईश्वर के प्रति अविश्वास को जन्म देता है।

सहज मार्ग साधना में अभ्यासियों को साधना के प्रारम्भ से लेकर सतत रूप में ईश्वर को ही स्मरण में रखकर उससे ही अनुराग बढ़ाते रहने का प्रयास बनाये रखने को कहा जाता है। लोग "मालिक" को सामने या हृदय में याद रखने की बात तो करते हैं, परन्तु "उससे" मिलने की चाह बनाये रखने की बात भूल जाते हैं। यही कारण है कि एक दिन न जाने कब लक्ष्य प्राप्ति का उद्देश्य विचार में से फिसल जाता है और हम मनचाहे ध्यान में उलझे रह जाते हैं। दूसरे शब्दों में हम अहं की ही पूजा में लगे रह जाते हैं। यह अवश्य है कि ईश्वर-प्राप्ति का लक्ष्य इतना सूक्ष्म है और अहं इतना स्थूल [Gross] है कि बार बार लक्ष्य मे फिसल जाने का भय बना रहता है, परन्तु इसका निदान भी तो केवल यही है कि अनुराग सहित सतत् स्मरण बनाये रखने का प्रयास ही विजयी हो पाता है। हम पुनः पुनः उमंग से लक्ष्य प्राप्ति की चाह को अन्तर से चिपकाये रखने का अभ्यास करें, यही वास्तविक पूजा है। जब लक्ष्य दृष्टि में से फिसल जाता है तो स्थूल भावनाएं हृदय में जन्म लेने लगती हैं। पूजा करते हुए भी विचार दूषित होने लगते हैं। जैसे किन्हीं किन्हीं को, "कि हम पुराने अभ्यासी हैं," इसका ही गुमान होने लगता हैं, 'हम प्रिसेप्टर हैं' इसका ही गुमान होने लगता है। दृष्टि से लक्ष्य फिसल जाने के कारण साधक या प्रिसेप्टर होने का भाव हृदय में उभर आता है। लक्ष्य से चिपकाव का आनन्द गुम हो जाता है। हमें इसका पता भी नहीं लग पाता है। सच्चा अभ्यासी मालिक की याद में ऐसा लीन रहता है कि उसे तो याद करने का याद भी भूली रहने लगती है। उसे तो यह होश भी नहीं रहता कि वह कब



पुराना हो गया है। उसे तो नित नया दर्शन अपने प्रिय का मिलता जाता है और उससे वह इस तरह से विलीन हो जाता है कि वह है भी या नहीं इसका गुमान भी नहीं रह पाता है। उसने कब साधना प्रारम्भ की, वह जानता ही नहीं। नितान्त विस्मृत अवस्था में प्रिय की उपस्थिति के होश में डूबा अभ्यासी उस परम रसानुभूति में अहं की पिघलन का इस प्रकार अनुभव करता है कि मानों वह ईश्वर में लय है। उसका अपना कोई रूप है, प्रथम तो ऐसा अनुभव करता भी है, परन्तु कब धीरे से वह रूप या अहं पिघल कर जिसका अंश है, उसमें मिल जाता है यह पता ही नहीं चलता। जब लक्ष्य से चिपके रहने का प्रयास भी मालिक को समर्पित हो जाता है या उसमें लय हो जाता है, तब स्वयं की अनुभूति दिव्य शक्ति के पुन्ज के रूप में बदल जाती है। मैं कौन हूँ क्यों आया हूँ क्या करना है यह सारी प्रतीति भी लक्ष्य में समा जाती है। साँची पूजा की दशा में अन्तर्मन स्वतः ही लय रहने लगता है। बाह्य मन एवं वृत्तियां अन्तर्मन में लय होना प्रारम्भ हो जाती है। समर्पण की हालत अन्तर्मन में स्वतः ही पलने लगती है। जब यह सारी प्रतीति भी लक्ष्य में समा जाती है तब "मिलन" के "उस" अनुपम आनन्द सागर में अंतर डूब जाता है और शरीर उतरा आता है, संसार के कार्यों को सुचारु रूप में संचारित करने के लिए। फिर ? समर्पण और मिलन की दिव्यावस्था का आदान प्रदान कब तक होता रहता है, इसका अन्दाज कौन रखे। प्रियतम तक अन्दाज पहुंच नहीं सकता है, क्योंकि वह तो कुल है और वह जब अहं के दायरे को तोड़ कर जिसका अंश था उसमें ही समाया जा रहा है तो फिर अन्दाज कहाँ टिके। दिव्य गुण, दिव्य शक्ति के साथ प्रविष्ट होकर अपने ही सौंदर्य का निखार उसके व्यक्तित्व में भरने लगते हैं। सहज मार्ग साधना द्वारा ध्यानावस्थ हुआ पुजारी या साधक लक्ष्य की पूर्णता में विकसित होता हुआ अनजाने ही संस्कारों के बंधन से परे रहकर सहज गति से जीवन गुजारने लगता है। समस्याएं तब भी उससे टकराती हैं, परन्तु वे स्वतः ही टकराकर बिखर जाती हैं, क्योंकि उसका जमाव तो दिव्य (Divine) में हो जाता है। सुख दुख तब भी लगातार आते रहते हैं परन्तु दिव्य धारा में बह जाते हैं। उनसे अभ्यासी का चिपकाव

नहीं हो पाता है। लक्ष्य जब स्वयं हममें जाग उठता है, विकसित हो जाता है, तो बजाय अहं के हमें अपने व्यापक रूप में मिला लेता है। सत्य यही है कि जिसने हमें "मैं" हूँ का भान देकर अलग अस्तित्व में जीने का आभास दिया था, प्राणाहुति शक्ति द्वारा उसी शक्ति को पाकर "मैं" हूँ "तू" है में समा कर एक हो जाता है, यही "उसकी" पूजा है।

सहज मार्ग में प्रशिक्षक (Preceptor) को भी जब शक्ति देकर श्री बाबूजी महाराज दूसरों को पूजा कराने के योग्य बना देते हैं, तो वैसी क्षमता को बनाये रखने एवं उसे सुरक्षित रखने का कार्य हमारा ही होता है। दो चार महीने जब तक उस दिव्य शक्ति की तेजी (force) रहती है, तब तक हमारा अहं स्वतः ही उससे दबा रहता है और विनम्रता उसका प्रसाद हममें विद्यमान रहता है। क्रमशः जब हम अहं को शक्ति के दायरे से बाहर खींचना प्रारम्भ कर देते हैं तो हमें लगने लगता है कि हम प्रशिक्षक (Preceptor) हैं। तभी से "श्री बाबू जी महाराज" की दी हुई शक्ति जिसका हम दुरूपयोग तो यों नहीं कर सकते हैं, क्योंकि वह ईश्वरीय शक्ति है, इसलिए उसको ही ओर खींचने के कार्य में ही वह साथ देती है, तो सद्गुरू द्वारा प्रदत्त शक्ति से योग पाये हुए भी कार्य को सुचारू रूप से कर पाने की वह क्षमता हमारे में उत्पन्न नहीं हो पाती। पर हम समझ नहीं पाते हैं। यही कारण है कि प्रिसेप्टर में यह विश्वास एवं दृढ़ता नहीं हो पाती है कि अभ्यासी में विशुद्ध निखार लाकर ईश्वरीय ज्योति को जगा देगें। अभ्यासी की हालत को पढ़ पाने की क्षमता में भी पीछे पड़ जाते हैं। चाहिये यही कि दूसरों को पूजा कराने की शक्ति प्राप्त करते समय जिस स्तर तक हमारे अहं का समर्पण था उस स्थिति में लय रहते हुए प्रिय से मिलने को चाह में बेचैन रहना चाहिये। तभी काम करने की क्षमता व अन्य बातें जो अभ्यासी में दिव्य निखार लाने के लिए आवश्यक हैं स्वतः ही पैदा हो जाती हैं। जब प्रिसेप्टर हम होते हैं तब अभ्यासी का पूर्ण कार्य हम स्वयं करें यही शोभनीय है। सच यही है कि उनकी दी हुई शक्ति के सहित हमें उनकी ही पूजा (लय अवस्था) में डूबे रहना चाहिये। "मैं प्रिसेप्टर हूँ" ऐसा समझने से हम उनसे अपने को दूर रखने लगते हैं।



इसीलिए इतनी बड़ी शक्ति से सम्बन्धित होते हुए भी मानवीय कुभावनाएं बंधन एवं कुविचार हममें न पनपने पायें इस पर पूरी दृष्टि रखनी चाहिये जब तक कि अहं गलकर उनमें न मिल जाये। चाहिये यही कि हर हाल में हम असलियत को अपनाये रहें, अभ्यासी हैं तब और प्रिसेप्टर हैं तब भी। तभी अभ्यासी के लिये लक्ष्य को पाने के लिए और प्रिसेप्टर को अभ्यासी भाइयों की उन्नति में सहायता के लिए जिन बातों की आवश्यकता होती है स्वयं ही उत्पन्न हो जाती हैं। साधक की सूक्ष्म से सूक्ष्म दिव्य दशा का अन्दाज़ उनसे चिपके रहने के द्वारा ही मिलता है। यहाँ तक कि अपने न होने का एहसास भी "उनके" होने के एहसास में समर्पित हो जाता है। परन्तु यह "मालिक" जानता है, वह नहीं जानता है। और प्रिसेप्टर मालिक को दी हुई शक्ति पर अधिकार पाये हुए अभ्यासी की उन्नति को सहायतार्थ अद्भुत क्षमता को अनुभूति के एहसास में रहता हुआ भी कैसे मालिक में समाया रहता है, यह मालिक ही जानता है। हमें सदैव असल की चाह पैदा करनी चाहिये। असलियत (Reality) की चाह मानव मन की सहज मांग है एवं यही चाह पूजा का प्राण है। नश्वर-चीजों की चाह एवं पूजा लालच है, उनसे साधक को दूर रहना चाहिये।

ईश्वर की वास्तविक पूजा यही है कि हम "उसके" पावन प्रकाश से हृदय को प्रकाशित रखते हुए अन्तर को "उसकी" उपस्थिति के अनुभव में डुबाये रखे। अन्र्तदृष्टि को टकटकी बांधे उस ध्यान में रहने का ही प्रयत्न करें। यही साँची पूजा है। यही सच्चा समर्पण है। वास्तव में वह परमानन्द जो हम ध्यान में अनुभव करते हैं, जिसमें निमग्न रह कर कब दिन निकलता है, कब रात्रि आ जाती है, वह सारी पूजा अतर्न्दृष्टि द्वारा ही हमारे अनजाने ही उस परम इष्ट में समर्पित होती जाती है। लघुता महानता में परिणत हो जाती है। लघु अहं कुल में समा जाता है। दिव्य रसानुभूतियाँ तो वास्तव में प्रियतम का श्रृंगार एवं सौन्दर्य हैं। "वह" तो केवल "जो है सो है"। वस्त्रालंकारों की शोभा शरीर को सजाती मात्र है, बदलती नहीं है, किन्तु दिव्य रसानुभूतियां दैविक आकर्षण हैं, जो हमें अपनी

और इस मध्यम से बराबर खींचते हुए मिलाते हुए एक दिन मानव जीवन के परम-लक्ष्य की प्राप्ति देकर धन्य बना देती है ।

सहज मार्ग की विशेषता इसके लाने वाले सद्गुरू 'श्री बाबूजी' महाराज हैं जो अपनी दिव्य दृष्टि द्वारा साधकों के अन्तर्मन का सुधार कर पावन-प्राणाहुति शक्ति का प्रवाह देकर विशुद्ध मन की स्थिति में निखार लाने में पूर्ण समर्थ हैं । अपनी अमोघ इच्छा शक्ति द्वारा क्रमशः अहं की स्थूलता को टिघलाते हुए ईश्वरीय प्रकाश से प्रकाशित कर देते हैं । परिणामतः साधक का अन्तर्मन ईश्वर की पूजा में लीन हो जाता है । ईश्वर दर्शन का प्यासा मन दिव्य दर्शन का ज्ञाता हो जाता है । अंतर्चक्षु दर्शन में डूब जाते हैं । वहिर्मुख बोल उठता है कि "बेगि ही बूढि गई पंखियाँ, अँखियाँ मधु की मक्खियां भई मेरी" । अहंता ईश्वरत्व में विलीन हो जाती है । व्यक्तित्व व्यापक हो जाता है । बूँद (अहं) सागर (ईश्वर) में मिल जाती है ।



In the service of the Divine Master

**M/s. ADARSH AGENCIES**

PVT. Ltd.

Regd. Offi: 51,Greenways Road, Kesevaperumalpuram
MADRAS-66 028 Phone-77060

Distributors for:-

J,B. Mangharam Biscuits, Lijjat Appalam & Paped, Coca Tea & Instea, Alvitone, Geanut & Peanut Candy, Dewkiss Perfumes & Powder, Ultramarine Blue Ship Brand.

2-T.T. Investments & Traders (P) Ltd.

3-Asha Dyes & Chemicals

4-Eskay Chemicals Corporation, Bambay for skay Whit

5-Manufacturer-'Voltaid' B and Automatic Voltage Stabilisers.

6-Mohini Mixets cum grinders.

7- Patel Pharma (P) Ltd. for Mytheline Blue & Rhodamine.

8-Preferred Dealer for A tul Dyes.

9-M/s. Jain Chemicals, Davangere.